# : : कार्यालय प्राचार्य धार पोलीटेकनिक महाविद्यालय धार (म.प्र.) : :

(शासन द्वारा स्वशासी घोषित)

## विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के रिक्त पद की पूर्ति हेतु विवरण एवं निर्धारित शर्ते

शासन के निर्देशानुसार धार पोलिटेक्निक महाविद्यालय, धार (म.प्र.) (शासन द्वारा स्वशाासी घोषित) में दिव्यांगजन के निम्नांकित पद हेतु पात्र उम्मीदवारों के लिये विशेष भर्ती अभियान के तहत निम्न तालिका में वर्णित पद की पूर्ति "वॉक-इन इन्टरव्यू" के माध्यम से की जाना है। भर्ती के नियम एवं आवेदन-पत्र का प्रारूप तथा अन्य संशोधन संबंधी सूचनाऐं संस्था की वेबसाईट (www.dharpolytechnic.in) पर उपलब्ध रहेगी। रिक्त पद का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं "वॉक-इन-इंटरव्यू" के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है-

| स. क्र. | पदनाम व वेतनमान | पद की श्रेणी | दिव्यांगजन के लिए आरक्षित श्रेणी का विवरण | कुल रिक्त पद | निर्धारित योग्यता | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बुक अटेन्डेन्ट वेतनमान लेवल 1 (अनुक्रमांक 01-40) 15500-49000/- (सांतवा वेतनमान) | चतुर्थ श्रेणी | बहरे और कम सुनने वाले | 01 | 10वीं कक्षा (10+2 हाई स्कूल परीक्षा) उत्तीर्ण | दिनांक 22/08/2024 को समय दोप. 12:00 बजे तक | दिनांक 22/08/2024 को समय दोप. 01:00 बजे से |

## निर्धारित शर्ते :-

1. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।
2. न्यूनतम 40% निःशक्तता का डिजिटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। किसी भी अन्य प्रकार के प्रमाण-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. आवेदक को संबंधित पद के लिए आवेदन करने हेतु अधीक्षक, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, विकलांगो हेतु व्यावसायिक पुर्नवास केन्द्र नेपियर टाउन, जबलपुर से विकलांगता सह-उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी करवाकर आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
4. आवेदक को मध्यप्रदेश के किसी रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. समस्त प्रमाण पत्र की प्रतियां सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित कर 01 सेट में आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा तथा पासपोर्ट आकार के 02 नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे।
6. **अ)** न्यूनतम आयु सीमा – 18 वर्ष **ब)** अधिकतम आयु सीमा – 45 वर्ष (शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छुट समाहित है) **नोट** – न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के आधार पर की जाएगी।
7. धार पोलीटेक्निक महाविद्यालय, धार स्वशासी संस्था है। अतः यह नियुक्ति स्वशासी के नियमों के अंतर्गत होगी।
8. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक/सी.03-13/2019/3/1/भोपाल, दिनांक 12.12.2019 के अनुसार नियुक्ति 03 वर्ष की परिविक्षा अवधि पर की जाकर परिपत्र अनुसार स्टायपेंड के रूप में वेतन देय होगा।
9. शासकीय सेवा में कार्यरत उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा एवं आवेदन उचित माध्यम से प्रेषित किया जाना होगा।
10. कोई भी उम्मीदवार जिसने शासन द्वारा विवाह के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद की नियुक्ति के पात्र नही होगा।
11. जिस आवेदक के 02 से अधिक संतान है, उनमें से एक का जन्म यदि 01 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
12. केवल अर्हता प्राप्त एवं पात्र उम्मीदवारों का ही साक्षात्कार लिया जायेगा।
13. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.08.2024 है। आवेदन कार्यालय में मय दस्तावेजों सहित नियत तिथि तक समय दोपहर 12:00 बजे तक डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।
14. चयनित उम्मीदवार को निःशक्तता के सत्यापन हेतु मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना होगा। सत्यापन के पश्चात ही नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा।
15. उम्मीदवार को वॉक-इन इन्टरव्यू के लिये धार पोलीटेकनिक महाविद्यालय धार में निर्धारित समय पर दिनांक 22.08.2024 को मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।
16. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार धार पोलीटेकनिक महाविद्यालय धार के पास सुरक्षित होंगे।

प्राचार्य

3 धार पोलीटेक्निक महाविद्यालय धार